भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1648

जिसका उत्तर 01.08.2024 को दिया जाना है

टोल गेटों के बीच दूरी

1648. श्री सु. वेंकटेशन:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या टोल गेट निकटवर्ती प्लाजा से 60 किलोमीटर की दूरी पर स्थित होंगे और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने घोषणा की है कि इन नियमों के विपरीत टोल प्लाजा बंद कर दिए जाएंगे, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या निकटवर्ती प्लाजा से 60 किलोमीटर की दूरी के भीतर सभी टोल गेट बंद किए गए हैं, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उक्त नियमों के उल्लंघन के लिए कितने टोल प्लाजा बंद किए गए हैं; और

(घ) क्या इन नियमों के विपरीत अभी भी टोल प्लाजा संचालित हो रहे हैं और उक्त टोल प्लाजा कब तक बंद कर दिए जाएंगे?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) राष्ट्रीय राजमार्गों पर शुल्क प्लाजा राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क (दरों का निर्धारण और संग्रहण) नियम, 2008 के अनुसार स्थापित किए जाते हैं, जिसमें यह प्रावधान है कि राष्ट्रीय राजमार्ग के उसी खंड पर और उसी दिशा में कोई अन्य शुल्क प्लाजा साठ किलोमीटर की दूरी के भीतर स्थापित नहीं किया जाएगा। बशर्ते कि जहां निष्पादन प्राधिकारी आवश्यक समझे, वह लिखित रूप में दर्ज किए जाने वाले कारणों से, रियायतग्राही को साठ किलोमीटर की दूरी के भीतर एक और शुल्क प्लाजा स्थापित करने की अनुमति दे सकता है। आगे यह भी प्रावधान है कि यदि कोई शुल्क प्लाजा किसी स्थायी पुल, बाईपास या सुरंग के लिए शुल्क संग्रहण के लिए है तो ऐसा शुल्क प्लाजा किसी अन्य शुल्क प्लाजा से साठ किलोमीटर की दूरी के भीतर भी स्थापित किया जा सकता है, शुल्क प्लाजा की स्थापना के लिए साठ किलोमीटर की दूरी का मानदंड राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क (दरों का निर्धारण और संग्रहण) नियम, 2008 के बाद अस्तित्व में आया है और पहले के राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क नियम, 1997 में ऐसा कोई मानदंड नहीं था।

इसके अतिरिक्त, अगर प्रयोक्ता शुल्क संग्रहण प्रणाली बंद है, तो राष्ट्रीय राजमार्गों पर कहीं भी शुल्क प्लाजा स्थापित किए जा सकते हैं।

(ख) से (घ) 60 किलोमीटर की सीमा के भीतर कार्यरत शुल्क प्लाजा राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क नियमों और रियायत समझौते के प्रावधानों के अनुसार भी अनुमत और स्थापित किए गए हैं।

*****